

# चॉपर से आए 336 रेमडेसिविर इंजेक्शन

**रतलाम। वर्तमान के कोरोना सकंटकल में सबसे ज्यादा मांग वाले रेमडेसिविर इंजेक्शन के बाक्स गुरुवार दोपहर को प्रदेश शासन के हेल्काप्टर से रतलाम पहुंचाए गए। कोविड-19 के उपचार में प्रयुक्त होने वाले रेमडेसिविर इंजेक्शन , बंजली एयरस्ट्रिप पर विशेष चॉपर से दोपहर 1.15 बजे रतलाम पहुंचे।**

जिले में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या के बाद रेमडेसिविर इंजेक्शन की पर्याप्त व्यवस्था के लिए आज मध्यप्रदेश शासन ने हेलिकॉप्टर द्वारा रेमडेसिविर इंजेक्शन के 7 बॉक्स रतलाम पहुंचाए हैं। कलेक्टर और मेडिकल कॉलेज के अधिकारी खुद इंजेक्शन के बॉक्स रिसीव करने बंजली हवाई पट्टी पहुंचे।

हेलिकॉप्ट्र से रतलाम बंजली हवाई पट्टी रेमडेसिविर इंजेक्शन लेकर पहुंचे पायलटों ने रतलाम कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड को यह इंजेक्शन के बॉक्स सुपुर्द किए। कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन से उन्हें 7 बॉक्स में 336 रेमडेसिविर इंजेक्शन प्राप्त हो गए हैं। जिससे मेडिकल कॉलेज में भर्ती क्रिटिकल मरीजों के उपचार में मदद मिल सकेगी। गौरतलब है कि रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 1000 से अधिक हो गई है। ऐसे में क्रिटिकल कोरोना मरीजों के उपचार के लिए रेमडेसिविर इंजेक्शन सख्त आवश्यकता पड़ रही थी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल ही हेलिकॉप्टर के माध्यम से रेमडेसिविर इंजेक्शन की सप्लाई पूरे प्रदेश में करने की बात कही थी जिसके बाद रेमडेसिविर के रूप में संजीवनी लेकर मध्यप्रदेश शासन का हेलिकॉप्टर रतलाम पहुंचा है।

नवभारत

16/04/2021



बढ़ी, गुरुवार शाम तक 450 सिलेंडर के ही भरोसे थे, मरीजों की भीड़ बढ़ी

र पर...
बढ़ा डर

# निजी कोविड अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर करने वाला इलाज बचा, कॉलेज में एक भी ऑक्सीजन बेड नहीं

## र परिजन के लिए टेंट कुर्सियां लगाईं... वह भी फुल, इलाज के लिए लगा रहे गुहार



था... इन लोगों के परिजन कॉलेज में इलाज ले रहे हैं। परिजन को धूप ना लगे, ाईं। परिजन को सामान देने के साथ ही इंक्वायरी के लिए गुरुवार को लंबी कतार ीं मिल रही, इसलिए इलाज भी शुरू नहीं किया जा रहा है। हालांकि, कॉलेज के ड अस्पताल है, ऐसे में लक्षणों के आधार पर इलाज हो रहा है। रिपोर्ट पॉजिटिव है... शुरू कर दिया जाता है, इसलिए परेशान ना हों।

### ऑक्सीजन की कमी : कोई रेफर हो रहा... किसी ने कहा हम करेंगे ऑक्सीजन की व्यवस्था

**केस-1** निजी अस्पताल में रतलाम के जैन समाज के एक 45 साल के युवक भर्ती थे। अस्पताल प्रबंधन ने ऑक्सीजन की कमी होने की बात मरीज के परिजनों को कही। परिजन मरीज के लिए बेड का इंतजाम करने में जुट गए। इंदौर के बड़े अस्पताल में 1 बेड मिला। मरीज रेफर हो गए।

**केस-2** रतलाम निवासी मुस्लिम समाज के 65 साल के एक बुजुर्ग के सामने भी यही परेशानी थी। बुजुर्ग की पत्नी को भी कोविड हुआ था, पत्नी तो अब ठीक हो चुकी लेकिन, पति ऑक्सीजन पर है। प्रबंधन ने ऑक्सीजन की कमी की बात परिजनों को कही, रेफर करने का कहा। हालांकि, परिजनों ने खुद ऑक्सीजन का इंतजाम करने का दावा किया। शाम तक मरीज अस्पताल में ही भर्ती थे।

**केस-3** रतलाम के ही एक अन्य 65 वर्षीय मरीज बंजली के निजी अस्पताल में भर्ती है। मरीज की बेटी ने भास्कर को बताया उनके पिता सीरियस कंडीशन में आए थे। ऑक्सीजन लेवल कम हो रहा था, अब स्टेबल है। हॉस्पिटल से ऑक्सीजन की कमी होने की बात कही है। हमने खुद ही ऑक्सीजन का इंतजाम करने का कहा। अन्य अस्पतालों में बेड की भी मशक्कत है, नहीं ले जाना चाहते।

**केस-4** यह केस नीमच का है। 40 साल के युवक बंजली के अस्पताल में भर्ती है। लंग्स इंफेक्शन होने से मरीज को लगातार ऑक्सीजन लग रही है लेकिन, कंडीशन को देखते हुए प्रबंधन ने ऑक्सीजन की कमी की सूचना दे दी। शाम तक मरीज को रेफर करने की प्रक्रिया जारी थी।

### शत-प्रतिशत ऑक्सीजन बेड फुल हो गए

*ऑक्सीजन को लेकर डर बना हुआ है। गुरुवार को कॉलेज में 100% ऑक्सीजन बेड फुल हो गए है। लिक्विड ऑक्सीजन बहुत कम बची है, ऐसे में सभी लोग ऑक्सीजन मंगवाने के लिए प्रयास कर रहे है। यदि लिक्विड ऑक्सीजन खत्म होती है तो 450 सिलेंडर है।*

डॉ. जितेंद्र गुप्ता, अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज

### लिक्विड ऑक्सीजन नहीं मिलने से प्लांट बंद

*लिक्विड ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण हमारा प्लांट शुरू नहीं हो सका है। सभी लिक्विड ऑक्सीजन के लिए प्रयास कर रहे हैं। हमारी भी लगातार चर्चा हो रही है। शाम तक ऑक्सीजन नहीं मिली है। जब तक लिक्विड नहीं मिलता, प्लांट शुरू नहीं कर सकते।*

संतोष पितलिया, महावीर ऑक्सीजन प्लांट

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर --पृष्ठ 06....दिनांक..



**कोरोना अपडेट**

कुल पॉजिटिव : 7307

| | |
|---|---|
| ठीक हो गए | कुल सैंपल |
| 6079 | 108566 |
| कुल मौत | निगेटिव |
| 130 | 56075 |
| नए पॉजिटिव | रिपोर्ट पेंडिंग |
| 158 | 1982 |
| एक्टिव केस | प्रवासी |
| 1098 | 143919 |

15 अप्रैल रात 12 बजे तक

## न्यूज ब्रीफ

### 2278 कोरोना वॉलेंटियर्स, मुख्यमंत्री ने की बात

रतलाम | संक्रमण काल में लोगों की मदद करने जिले में अब तक 2278 लोग कोरोना वालेंटियर के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। गुरुवार को इनसे मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बात की। कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, गोविंद काकानी, राकेश मोदी, गोविंद शर्मा, कृष्णा डिंडोर, मनीषा ठक्कर, सलोनी पावेचा सहित अन्य मौजूद रहे। जिले के अन्य वालेंटियर वेबकास्ट के माध्यम से जुड़े और मुख्यमंत्री का संबोधन सुना।

### आगामी आदेश तक बंद रहेंगे सभी छात्रावास

रतलाम | स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा शासकीय एवं अशासकीय छात्रावासों को कोरोना कर्फ्यू (लॉकडाउन) के कारण आगामी आदेश तक बंद करने के आदेश जारी किए हैं। सभी विद्यार्थियों को सकुशल घर भिजवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बोर्ड परीक्षाएं संबंधित बोर्ड यथास्थिति माध्यमिक शिक्षा मंडल, सीबीएसई, आईसीएसई इत्यादि के निर्देश के अनुसार आयोजित होंगी।

**संकट** • मेडिकल कॉलेज में भी ऑक्सीजन की खपत

# अब व्यवस्था ही वेंटिले
# ऑक्सीजन खत्म होने का

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे शहर की स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर आ चुकी है... प्रार्थना करें कि ऑक्सीजन चलती रहे...। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि ऑक्सीजन खत्म होने का डर डॉक्टरों को भी सता रहा है। ऐसे में निजी कोविड अस्पताल से मरीजों को मेडिकल कॉलेज रेफर करना शुरू कर दिया है। हाल ऐसा था कि गुरुवार शाम तक तो मेडिकल कॉलेज में एक भी ऑक्सीजन बेड खाली नहीं था, जो चिंता की बात है।

शहर में गुरुवार को भी ऑक्सीजन की मारामारी जारी रही। मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन की सप्लाई तो थी लेकिन डॉक्टरों को अगली खेप की चिंता थी। ऐसा इसलिए क्योंकि कॉलेज की लिक्विड ऑक्सीजन खत्म होने की कगार पर आ चुकी है और 450 सिलेंडर ही बचे हुए हैं। जबकि गुरुवार शाम तक कॉलेज में 491 मरीज भर्ती हो गए थे। शहर विधायक सहित पूरा प्रशासनिक अमला ऑक्सीजन के इंतजाम में जुटा रहा। इधर निजी कोविड अस्पताल में भी ऑक्सीजन का संकट खड़ा हो गया।

### जरूरत 75 सिलेंडर की, 15 सिलेंडर ही मिले

बंजली स्थित आयुष ग्राम से भी गंभीर मरीजों को मेडिकल कॉलेज रेफर होने का कह दिया। कारण था आयुष ग्राम को 15 सिलेंडर ऑक्सीजन मिली, जबकि, संचालक 75 से 90 सिलेंडर की जरूरत बता रहे है। मरीजों के परिजन को ऑक्सीजन की स्थिति के बारे में बता दिया गया। कॉलेज से 12 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया, वहीं, 3 मरीजों को अन्य अस्पताल में रेफर कर दिया, ताकि वे सेफ जोन में रहें।

### डर की तस्वीर... मेडिकल कॉलेज के बाह



रतलाम | मेडिकल कॉलेज के बाहर ऐसा दृश्य होगा किसी ने ना सोच
इसलिए टेंट व कुर्सियां लगाई गई है लेकिन, यह कुर्सियां भी फुल हो
लगी रही। इधर, कुछ मरीजों का आरोप यह भी था कि उन्हें रिपोर्ट न
अधीक्षक डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने अपील की है कि मेडिकल कॉलेज कोवि
या निगेटिव। यदि लक्षण है तो उसी आधार पर तत्काल उनका इलाज

### निजी अस्पताल संचालक बोले - अब रेफर कर रहे

*मरीजों के परिजनों को वास्तविक स्थिति बता रहे है, हमारे पास दूसरा रास्ता नहीं है। कोशिश है कि गंभीर मरीज तो कम से कम सेफ जोन में रहे। 75 से 90 सिलेंडर की जरूरत है, सिर्फ 15 सिलेंडर मिले हैं जो कुछ घंटों में खत्म हो जाएंगे। मरीजों को जीएमसी या इंदौर रेफर कर रहे हैं।*

**डॉ. राजेश शर्मा,** निजी अस्पताल संचालक

## कोरोना से लड़ाई में साथ देंगे जिले के 2278 वालेंटियर, सीएम ने वीसी में कहा, उपचार में मदद कर लोगों को जागरूक करें

रतलाम। कोरोना संकट में जनता के सक्रिय सहयोग के बगैर हम इस लड़ाई को नहीं जीत पाएंगे। इसमें हर व्यक्ति को यह समझना होगा कि मास्क लगाना, 2 गज की दूरी रखना, बार–बार हाथों को धोना तथा जब–तक कोरोना संक्रमण समाप्त नहीं हो जाता, तब–तक अनावश्यक बाहर न निकलें। यह बात मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने गुरुवार को कोरोना वालेंटियरों व जन अभियान परिषद सदस्यों से वीडियो कांफ्रेंसिंग में चर्चा के दौरान कही। जिलें में 2278 वालेंटियर द्वारा पंजीयन कराया गया है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, उज्जैन से जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष विभांस उपाध्याय और रतलाम में एनआइसी कक्ष से जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक व कोरोना वालेंटियर शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने रतलाम जिले के कोरोना वालेंटियर गोविंद काकानी से बात कि तो उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोरोना वालेंटियर वैक्सीनेशन के अभियान में लगे हैं। मेडिकल कालेज में स्वैच्छिक रूप से सेवाएं दी जा रही है। कोरोना मरीजों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए कांउसिलिंग की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना पीपीई किट पहने किसी कोरोना मरीज से न मिलें। पूरे प्रयास करें कि हम खुद भी संक्रमित न हो और अपने परिवार को भी संक्रमित न होने दें। एनआइसी कक्ष में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, कोरोना वालेंटियर राकेश मोदी, गोविंद शर्मा, कृष्णा डिंडोर, मनीषा ठक्कर, सलोनी पावेचा, अमान माहेश्वरी, समरथ भाभर, राकेश पाटीदार, पूरालाल सूर्यवंशी, मुकेश पोरवाल, संतोष सोलकीं, पप्पूलाल पाटीदार, लक्ष्मीनारायण शर्मा सहित जिले में वेबकास्ट के माध्यम से परिषद से जुड़े विकासखंड समन्वयक आदि ने मुख्यमंत्री को सुना व देखा।

# लगातार दूसरे दिन चार मौतें 155 लोगों ने जीती जंग

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना की दूसरी लहर में नए मरीजों की संख्या गत नौ दिनों से 100 के ऊपर ही बनी हुई है। सात अप्रैल को पहली बार 109 पाज़िटिव मिले थे। इधर माह के पहले सप्ताह मौतों का आंकड़ा प्रतिदिन दो था जो बढ़कर तीन और अब चार हो गया है।

मेडिकल कालेज में रतलाम के अलावा झाबुआ, उज्जैन, मंदसौर, नीमच से भी मरीज आ रहे हैं। इससे अमले पर दबाव है। कालेज में स्टाफ की भर्ती लगातार की जा रही है। गुरुवार को 158 नए मरीज मिले और चार की मौत हो गई। जबकि 155 मरीज स्वस्थ हुए। जिले में कुल मरीजों की संख्या 7307 व स्वस्थ होने वाले 6079 हैं। कुल 130 मौत हुई है।

### मुंबई जाने वाली ट्रेनें खाली, बसों में भी यात्री नहीं

महाराष्ट्र से उत्तर भारत जाने वाली ट्रेनों में भीड़ है जबकि मुंबई, पुणे सहित महाराष्ट्र के अन्य शहरों के लिए जाने वाली ट्रेनें खाली चल रही हैं। यही हाल राजस्थान रोडवेज की बसों का है। सुबह उदयपुर, अजमेर, जोधपुर जाने वाली बसों को छोड़कर शेष समय बसों में यात्रियों की संख्या दो या चार रहती है। इससे रेलवे स्टेशन पर कुलियों को रोजगार नहीं मिल रहा है, वहीं मैजिक, आटो सहित अन्य यात्री वाहन छोटे–छोटे समूह में यात्रियों को गांव तक लाने–ले जाने में लग गए हैं।

### लाकडाउन में घूमने निकलने वालों पर सख्ती

गुरुवार को शहर में बेवजह बाहर निकलने वालों पर सख्ती की गई। कई जगह वाहन चालकों को रोककर चालान बनाकर जुर्माना वसूला गया। स्टेशन रोड टीआइ किशोर पाटनवाला वाहन चालकों को रोककर अनावश्यक बाहर नहीं निकलने की अपील करते रहे।

## वित्त मंत्री देवड़ा ने ऑक्सीजन सिलेंडर दान करने के संबंध में आम नागरिकों से की विनम्र अपील



५।५।२०

रतलाम। मध्यप्रदेश के वित एवं वाणिज्यकर विभाग के मंत्री जगदीश देवड़ा ने रतलाम जिले के आम नागरिकों से विनम्र अपील करते हुए कहा है, कि कोई भी आम नागरिक आक्सीजन सिलेंडर में दान कर सकते है। दानदाता आक्सीजन सिलेंडर दान करने के लिए मोबाइल नंबर 98260 42271 पर संपर्क कर सकते है। जिले के ऐसे आम नागरिक जो ऑक्सीजन सिलेंडर का उपयोग वेल्डिंग करने के लिए या अन्य काम के लिए उपयोग करते हैं। वे आक्सीजन सिलेंडर दान कर सकते हैं। इस दान से कई लोगों की जान बच सकती है जो कि बहुत बड़ा दान होगा। इसलिए कहा गया है कि जीवन दान सबसे बड़ा दान होता है।

## मास्क नहीं लगाने पर होगा जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के संक्रमण को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में मास्क नही लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

म.प्र. लोक स्वास्थ्य अधिनियम-1949 के अन्तर्गत कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के कारण होने वाली महामारी को संक्रामक बीमारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। उक्त बीमारी संक्रमित वस्तु को स्पर्श तथा संक्रमित व्यक्ति के छीकने, खांसने तथा थूकने से बहुत तेजी से फैलती है। उक्त बीमारी की रोकथाम हेतु शासन द्वारा मास्क पहनना भी अनिवार्य किया गया है। नागरिकों से अपील है कि वे अनिवार्य रूप से मास्क लगायें अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। ५।५।२०।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–––पृष्ठ 02 दिनांक 16/04/2021

**कोरोना प्रभावित क्षेत्र में तीन बार जा रहा दिन में दल**

# अनदेखी : दमकल हुई छिड़काव से कंडम तो हाथ से हो रहा काम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने के लिए नगर निगम ने दलकल से सैनिटाइजर का छिड़काव शुरू किया था। चार दमकल से इसको शुरू तो गत वर्ष किया, लेकिन अब वो दमकल कंडम हो गई है व उसमे लिकेज शुरू हो गया है। इसके बाद तावड़तोड़ नया निर्णय लेते हुए हैंड मशीन से सैनेटाइजर का छिड़काव नगर निगम ने शुरू कर दिया है। शहर में अब सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है। नगर निगम प्रशासक व कलेक्टर गोपालचंद्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया प्रतिदिन हो रहे इस छिड़काव की जानकारी स्वास्थ्य विभाग से ले रहे हैं।



नगर निगम द्वारा प्रतिदिन नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सैनेटराईज किया जा रहा है। अब तक थावरिया बाजार, सेठजी का बाजार, रामदेवजी की घाटी, कोठारीवास, नागरवास, पैलेस रोड, डालूमोदी बाजार आदि क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया है। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, शासकीय कार्यालय आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया जा रहा है।

वैसे तो नगर निगम शहर के अलग - अलग क्षेत्र में सैनिटाईजर का छिड़काव कर रही है लेकिन जहां कोरोना के मरीज वार्डों में अधिक आ रहे है वहां पर छिड़काव दिन में तीन बार किया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस प्रकार के क्षेत्रों में दिन में तीन बार दल को भेजकर छिड़काव करवाया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के वार्ड दारोगा के साथ स्वयं प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह जा रहे हैं।

सैनेटाइजर छिड़काव कार्य की निगरानी सतत की जा रही है। इसके लिए दल के सदस्य प्रतिदिन की रिपोर्ट दे रहे है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

# मुख्यमंत्री ने रतलाम के कोरोना वॉलेंटियर्स से की बातचीत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना संकट से निपटने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है, परंतु बिना जनता के सक्रिय सहयोग के हम इस लड़ाई को नहीं जीत पाएंगे। कोरोना संक्रमण को समाप्त करने के लिए हर व्यक्ति को जागरूक करना आवश्यक है। हर व्यक्ति को यह समझना होगा कि मास्क लगाना, 2 गज की दूरी रखना, बार-बार हाथों को धोना तथा जब-तक कोरोना संरमण समाप्त नहीं हो जाता, तब-तक बिना आवश्यक काम के घर से बाहर न निकले। यह बात गुरुवार को वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम के कोरोना वॉलेंटियर्स से कही।



सीएम ने कहा कि यह खुशी की बात है कि मध्यप्रदेश में कोरोना वालेंटियर के रूप में 92 हजार से अधिक लोगों ने अपना पंजीयन कराया है जिसमें रतलाम जिले में 2278 वालेंटियर द्वारा पंजीयन कराया गया है। ये सभी इस संकट की घड़ी में लोगों की सेवा करने के लिए जी-जान से तैयार हैं। मुझे विश्वास है कि यह वॉलेंटियर्स सेना चमत्कार करेगी तथा शीघ्र ही प्रदेश कोरोना संकट से बाहर निकलेगा। सीएम कोरोना वॉलेंटियर्स के साथ जन अभियान परिषद के सदस्यों से बातचीत कर रहे थे।

**वैक्सीनेशन अभियान में लगे वालेंटियर-** रतलाम जिले के एनआईसी कक्ष से म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक व कोरोना वॉलेंटियर सम्मिलित हुए। सीएम ने रतलाम जिले के कोरोना वालेंटियर गोविंद काकानी से बात कि तो उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोरोना वालेंटियर वैक्सीनेशन के अभियान में लगे है, साथ ही मेडीकल कॉलेज रतलाम में स्वैच्छिक रूप से सेवाएं दी जा रही है। कोरोना मरीजों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए काउंसिलिंग की जा रही है। वहीं हेल्प डेस्क के माध्यम से मरीजों के परिजनों को जानकारी दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण––पृष्ठ 04 दिनांक 16/04/2021

# कोरोना संक्रमण को समाप्त करने के लिए हर व्यक्ति को जागरूक करना आवश्यक : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीसी के माध्यम से रतलाम के कोरोना वॉलेंटियर्स से बातचीत की

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संकट से निपटने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है, परंतु बिना जनता के सक्रिय सहयोग के हम इस लड़ाई को नहीं जीत पाएंगे। कोरोना संक्रमण को समाप्त करने के लिए हर व्यक्ति को जागरूक करना आवश्यक है। हर व्यक्ति को यह समझना होगा कि मास्क लगाना, 2 गज की दूरी रखना, बार-बार हाथों को धोना तथा जब-तक कोरोना संक्रमण समाप्त नहीं हो जाता, तब-तक बिना आवश्यक काम के घर से बाहर न निकले।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह खुशी की बात है कि मध्यप्रदेश में कोरोना वालेंटियर के रूप में 92 हजार से अधिक लोगों ने अपना पंजीयन कराया है जिसमें रतलाम जिले में 2278 वालेंटियर द्वारा पंजीयन कराया गया है। ये सभी इस संकट की घड़ी में लोगों की सेवा करने के लिए जी-जान से तैयार हैं। मुझे विश्वास है कि यह वॉलेंटियर्स सेना चमत्कार करेगी तथा शीघ्र ही प्रदेश कोरोना संकट से बाहर निकलेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना वॉलेंटियर्स तथा जन अभियान परिषद के सदस्यों से बातचीत कर रहे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, उज्जैन से जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री विभाष उपाध्याय, और रतलाम जिले के एनआईसी कक्ष से म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक व कोरोना वॉलेंटियर सम्मिलित हुए।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रतलाम जिले के कोरोना वालेंटियर श्री गोविंद काकानी से बात कि तो उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोरोना वालेंटियर वेक्सीनेशन के अभियान में लगे है, साथ ही मेडीकल कॉलेज रतलाम में स्वैच्छिक रूप से सेवाएं दी जा रही है कोरोना मरीजो के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिये कांउसिलिंग कि जा रही है, वही हेल्प डेस्क के माध्यम से मरीजों के परिजनों को जानकारी दिया जाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रतलाम जिले में किये जा रहे कार्यों कि प्रशंसा कि साथ ही उन्होंने कहा कि कोरोना वॉलेंटियर्स कोरोना मरीजों की सेवा करते समय स्वयं का भी पूरा ध्यान रखें। बिना पीपीई किट पहने किसी कोरोना मरीज से न मिलें। पूरे प्रयास करें कि हम खुद भी संक्रमित न हो और अपने परिवार को भी संक्रमित न होने दें।

जिले के एनआईसी कक्ष में म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, कोरोना वालेंटियर गोविंद काकानी, राकेश मोदी, गोविंद शर्मा, कृष्णा डिडोर, मनीषा ठक्कर, सलोनी पावेचा, अमान माहेश्वरी, समरथ पाभर, राकेश पाटीदार, पुरुलाल सूर्यवंशी, मुकेश पोरवाल, संतोष सोलंकी, पप्पुलाल पाटीदार, लक्ष्मीनारायण शर्मा, सहित जिले में वेब्कास्ट के माध्यम से परिषद से जुड़े विकासखण्ड समन्वयक, व सैकड़ों मैं कोरोना वालेंटियर ऑनलाइन जुड़कर मुख्यमंत्री जी का संबोधन सुना।

**चार स्तर पर कार्य करें कोरोना वॉलेंटियर-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना वॉलेंटियर्स मुख्य रूप से चार स्तरों पर कार्य करें। पहला- कोरोना संबंधी उपचार में लोगों की मदद करना, उनकी जाँच करवाना उन्हें अस्पताल पहुँचाना।

दूसरा- 45 वर्ष की आयु के हर व्यक्ति को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करना, उन्हें वैक्सीनेशन केंद्रों पर ले जाना तथा वैक्सीनेशन केंद्रों पर व्यवस्थाओं में सहयोग करना। तीसरा- जनता को मास्क पहनने, 2 गज की दूरी रखने आदि कोरोना संबंधी सावधानियों का पालन करने के लिए जागरूक करना। चौथा- जनता को इस बात के लिए प्रेरित करना कि वे अपने गली, मोहल्ले, वार्ड, ग्रामीण क्षेत्र में स्व-प्रेरणा से कर्फ्यू लगाएँ तथा घर से बाहर न निकलें एवं सभी वालेंटियर का चरणबद्ध रूप से आवश्यकतानुसार सहयोग लिया जायेगा।

प्रसारण

संकलन—नगर निगम, रतलाम अखबार—दै. भास्कर—पृष्ठ 07...दिनांक 16/04/2021

# दस दिन का लॉकडाउन बढ़ भी जाए तो टेंशन नहीं, शहर में किराना सामान का मौजूद है भरपूर स्टॉक

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना को देखते हुए जिला प्रशासन ने 19 अप्रैल की सुबह 6 बजे तक लॉकडाउन लगाया लेकिन यदि लॉकडाउन दस दिन आगे भी बढ़ता है तो किराना सामान को लेकर शहरवासियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि कारोबारियों ने किराना का स्टॉक कर लिया है।

थोक किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज झालानी ने बताया किराना सामान की हमने पिछले साल लगे लॉकडाउन में भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी और ना ही इस बार आने देंगे। हमारे पास किराने का भरपूर स्टॉक है। इससे लोग चिंता ना करें। लॉकडाउन में हम किराना सामान की होम डिलीवरी कर रहे हैं। इसके लिए 150 दुकानें चयनित की हैं। हम लोगों के घर पहुंच होम डिलीवरी कर रहे हैं। इससे लोग होम में ही रहें। हम उनके घर तक किराना पहुंचा देंगे। वहीं संघ की लोगों से गुजारिश है कि यदि उन्हें किराना सामान मंगाना है तो अपने घर के पास की दुकान में ऑर्डर लिखवाएं। लोगों को किराना सामान की दिक्कत ना आए इसके लिए संघ के राजेश सियाल प्रिंस, संजय पारख, रवि अग्रवाल, अजय भंडारी, जगदीश मंत्री, राजेश दरख सहित संघ के 15 से ज्यादा लोग जुटे हुए हैं।

## अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या आप जान सकेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले के निजी और सरकारी अस्पतालों में खाली बिस्तरों की संख्या, आइसोलेशन बेड्स, ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स और आईसीयू एवं एचडीयू बेड्स की जानकारी अब क्यूआर कोड से स्कैन कर व एनएचएम की वेबसाइट www.sarthak.nhmmp.gov.in/covid/facility-bed-occupancy पर क्लिक कर ली जा सकेगी।

## लॉकडाउन में सेवा का सिलसिला जरूरतमंदों को पिला रहे चाय



रतलाम | जरूरतमंदों को स्टेशन रोड स्थित श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन श्रावक संघ रोज सुबह 8 बजे स्टेशन रोड पर चाय बांट रहे हैं। मांगीलाल जैन ने बताया दुकानें बंद हैं। चाय के साथ बिस्किट बांटे जा रहे हैं। जब तक लॉकडाउन रहेगा चाय का वितरण किया जाएगा। समाजसेवी जोएब आरिफ, डॉ राजेश सोनी, राकेश पाटनी, संचिता पाटनी विशेष रूप से उपस्थित थीं।

## महामारी कोरोना की रोकथाम के लिए आयुष काढ़े का वितरण



रतलाम | कोरोना का प्रभाव रोकने के लिए शासन घर-घर फ्री आयुर्वेदिक काढ़ा बंटवा रहा है। कलेक्टर गोपालचंद डाड के आदेश व आयुष अधिकारी निर्मला चौहान के मार्गदर्शन में शहरसराय स्थित लक्ष्मी औषधि भंडार पर फ्री काढ़ा दिया जा रहा है। शहर में अन्य स्थानों पर काढ़े का निर्माण कर प्रतिदिन फ्री बांटा जा रहा है।



# स्वयं सेवक संघ ने भक्तन की बावड़ी शमशान घाट पर दाह संस्कार के लिए 25 ट्राली लकड़ियां पहुंचाई

प्रकाश न्यूज़ • रतलाम

जिले में कोरोना का कहर लगातार जारी है। बीमारी का कहर इस कदर बढ़ चुका है कि श्मशान घाट पर दाह संस्कार के लिए लकड़ियां तक खत्म हो चुकी है। ऐसी विकट स्थिति में प्रशासन को आखिरकार स्वयं सेवक संघ का सहारा लेना पड़ा। प्रशासन द्वारा संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता से दाह संस्कार के लिए लकड़ी की व्यवस्था करने का आग्रह किया गया।

प्रशासन आग्रह के बाद जिले के अनेक क्षेत्रों से स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा श्मशान घाट पर दाह संस्कार के लिए लकड़ियों की व्यवस्था करने का कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया।

इस दौरान रतलाम के भक्तन की बावड़ी श्मशान घाट पर संघ के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिले के अलग -अलग क्षेत्रों से करीब 25 ट्राली लकड़ियां ट्रैक्टर द्वारा भेजी गईं। दाह संस्कार के लिए धराड़ खण्ड के 5 स्थानों से 7 ट्राली एकत्रित की गई। धराड़- 3, रूपाखेड़ा- 01, बिलपांक- 01, सिमलावदा-01 मथुरी- -01 नगरा 1, बांगरोद 1, शिवपुर 1, पलदुना 1, इटावा1, पंचेड़ 1 ट्राली लकड़िया भेजी गई। इस कार्य में विभाग कारवा आशुतोष शर्मा, जिला कारवा संतोष पाटीदार, वीरेंद्र पाटीदार समेत संघ के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वेक्सीन लगवाना जनहित का कार्य

रतलाम। 45 वर्ष और उससे ऊपर के सभी व्यक्ति आवश्यक रूप से टीकाकरण कार्य में अपनी सहभागिता निभा कर कोरोना संकट में सहयोग प्रदान करें। शहर कांग्रेस के ऊर्जावान अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, सद्भावना प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील पारिख एडवोकेट, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील जैन, एडवोकेट एवं परिवहन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कमलेश मोदी, समाजसेवी पवन जैन ने कहा कि जो सरकारी गाइड लाइन के अंतर्गत वैक्सीन लगवाने के पात्र है, वह अपने लिए, अपने परिवार के लिए, अपने मानव समाज के लिए वैक्सीन लगाकर अपना कर्तव्य पूर्ण करें और दूसरों को भी जागृत करें। इसके साथ ही श्री पारिख ने बताया कि वैक्सीन के लिए जन जागरण अभियान भी शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के नेतृत्व में सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाएगा।



## 336 रेमडेसिविर इंजेक्शन चॉपर से रतलाम पहुंचे

रतलाम। कोविड-19 के उपचार में प्रयुक्त होने वाले रेमडेसिविर इंजेक्शन आज बंजली एयरस्ट्रिप पर विशेष चॉपर से दोपहर 1.15 बजे रतलाम पहुंचे। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड एवं मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. शशि गांधी ने रेमडेसिविर के 7 बॉक्स प्राप्त किए।

रतलाम के लिए प्रदान किए गए इन सात बाक्स में 336 रेमडेसिविर इंजेक्शन हैं। एयरस्ट्रिप पर जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, ए डी एम श्रीमती जमुना भिड़े, एडिशनल एस पी सुनील पाटीदार, सी एस पी हेमंत चौहान सहित मेडिकल कॉलेज के अधिकारी उपस्थित थे।

# कोरोना योद्धा को अंतिम विदाई

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कोरोना संक्रमण से एस डी ओ पी मान सिंह चौहान का कल शाम हुआ था निधन, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया गया ।अंतिम संस्कार कोरोना काल में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले रतलाम ग्रामीण एस डी ओ पी मान सिंह चौहान को पुलिस विभाग ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी है।

पुलिस जवानों ने पीपीई किट पहनकर दिवंगत पुलिस ऑफिसर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी और विभाग के आला अधिकारी भी पीपीई किट पहन कर कोरोना योद्धा को अंतिम विदाई देने पहुंचे। पुलिस अधिकारियों और जवानों ने दिवंगत एस डी ओ पी की तस्वीर पर पुष्प चक्र और राष्ट्र ध्वज अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर जांबाज पुलिस ऑफिसर को सलामी दी। इसके बाद एस डी ओ पी मानसिंह चौहान को उनके पुत्र ने मुखाग्नि दी है।

गौरतलब है कि रतलाम ग्रामीण एस डी ओ पी मान सिंह चौहान कोरोना काल में लगातार अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे थे। ड्यूटी के दौरान ही उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें 6 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था, जहां 8 अप्रैल को उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। 7 दिनों तक कोरोना से जंग लड़ते हुए मान सिंह चौहान का बुधवार शाम निधन हो गया था, जिसके बाद पुलिस विभाग ने अपने इस जांबाज अफसर को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अंतिम विदाई दी है।

कोरोना के कर्मवीर मान सिंह चौहान के दुःखद निधन पर पूरे पुलिस महकमें के साथ उनके कार्यक्षेत्र में भी शौक की लहर है। जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और संगठनों ने दिवंगत पुलिस ऑफिसर को श्रद्धांजलि अर्पित की है।





संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ 08 ...दिनांक 16/04/...2021

**सेवा** • दाह संस्कारों की संख्या बढ़ने से अब कम पड़ने लगी हैं मुक्तिधाम में लकड़ियां

# भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम में 30 ट्रॉली लकड़ियां स्वयंसेवकों ने भिजवाईं

**ग्रामीण क्षेत्रों से अब इकट्ठा कर रहे लकड़ियां ताकि कोविड मुक्तिधाम में नहीं आए दिक्कत**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

महामारी के चलते भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम में शवों के दाहसंस्कार मे वृद्धि होने से लकड़ियों की कमी पड़ने का अंदेशा था। मुक्तिधाम के व्यवस्थापक चिंतित थे। संघ के स्वयंसेवकों को जानकारी होते ही जिले के ग्रामीण क्षेत्रों मे खंड व मंडल स्तर पर शाखा टोलियां सक्रिय हुईं। शाखा टोली के स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर मुक्तिधाम में शवों के अंतिम संस्कार हेतु लकड़ी समर्पित करने का आग्रह किया।

ग्रामीणजनों ने अपने खेत, खलिहानों से सूखे लकड़ी के ठूंठ, कुंदे, टुकड़े दिए। स्वयंसेवकों ने अपनी अपनी शाखा क्षेत्रों से ट्रैक्टरों में उन्हें भरकर मुक्तिधाम भिजवाया। नामली और धराड़ तहसील की 25 शाखाओं ने 30 ट्रैक्टर ट्रॉली लकड़ियां मुक्तिधाम में पहुंचा दीं। जिसमें प्रमुख धराड़, रुपाखेड़ा, सिमलावदा, बिलपांक, मथुरी, नगरा, बांगरोद, शिवपुर, फल्दुना, हतनारा, पंचेड़ आदि स्थानों से लकड़ियां समर्पित की गईं।




ग्रामीणों ने भी मुक्तिधाम में लकड़ियां भेजने के लिए इस तरह मिलकर ठूंठ नीचे गिराया।



बांगरोद | भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम के लिए ट्रॉलियों में लकड़ियां रखवाते हुए स्वयंसेवक।

...नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 03 दिनांक 16/04/2021

के लिए प्रयास फायर लॉरी व ट्रैक्टर ट्रॉली से सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सैनेटराईज किया जा रहा है



# कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन

217

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

रतलाम नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्राली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है।

14 अप्रैल बुधवार को धानमंडी बाजार, सेठजी का बाजार, रामदेवजी की घाटी, [illegible]ग्रीवास, नागरवास, पैलेस रोड, लक्ष्मीमोदी बाजार [illegible] में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, शासकीय कार्यालय आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया जा रहा है। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

एप पर आई शिकायत को दे रहे प्राथमिकता

# 14 दिन में आई 711 शिकायत, 693 का एक दिन में निराकरण

रतलाम. शहर के 711 नागरिकों ने नगर निगम के स्वच्छता एप्लीकेशन पर 14 अप्रेल तक गंदगी को लेकर 711 शिकायत की। 693 का शिकायत के दिन ही नगर निगम ने निराकरण कर दिया। इसमे बड़ी बात यह है कि दोपहर 12 बजे तक जो शिकायत आती है उसका उसी दिन समाधान हो जाता है, लेकिन इसके बाद आई शिकायत को समाधान के लिए अगले दिन का इंतजार करना पड़ रहा है।

शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिए स्वच्छता कार्य की समीक्षा अब कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक गोपालचंद्र डाड ने भी शुरू कर दी है। इसके लिए वे निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से प्रतिदिन स्वच्छता एप्लीकेशन पर आने वाली शिकायत के समाधान की जानकारी ले रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्य शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को इन दिनों दे रहे हैं।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिये रतलाम नगर के नागरिक सफाई संबंधी शिकायत स्वच्छता एप दर्ज कराने के लिये अपने एन्ड्रोयड मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता एप टाईप करें, इसके बाद एप को इन्सटाल करें। जीपीएस ऑन करें इसके बाद शिकायत का फोटो लेकर अपलोड करें। अपलोड की गई शिकायत नगर निगम के पास आयेगी और उसका तत्काल निराकरण किया जायेगा।

**- विकास सोलंकी**, उपायुक्त नगर निगम

कोरोना

# 13 नए संक्रमितों के साथ 2 कोरोना मरीजों की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना के कहर से शहर में गुरुवार को भी चित्तोडगढ़ में उपचार करवाने पहुंची एक महिला और एक 46 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं शासकीय चिकित्सालय पर हुई एंटिजन जांच में 13 नए संक्रमित मिले हैं। 15 दिनों में ही आंकड़ा 159 तक पहुंच गया है।

बीएमओ डॉ. दीपक पालड़िया ने बताया कि गुरुवार को सिविल हॉस्पिटल पर एंटीजन जांच में 13 संक्रमित मिले हैं। जिसमें सोमवारिया निवासी 28 वर्षीय महिला, बजाज खाना निवासी 28 वर्षीय महिला, अम्बिका सिटी निवासी 44 वर्षीय महिला, शास्त्री कॉलोनी निवासी 36 वर्षीय महिला, कड़ाचुर पुरा निवासी 47 वर्षीय महिला, जेल परिसर निवासी 38 वर्षीय महिला, बोरदा फन्टा निवासी 57 वर्षीय महिला, पत्रकार कॉलोनी निवासी 54 वर्षीय पुरुष, मोहन परिसर निवासी 30 वर्षीय पुरुष, इंकबाल गंज निवासी 41 वर्षीय पुरुष के साथ बडावदा निवासी 26 वर्षीय महिला, पिपलोदा के माउखेडी निवासी 52 वर्षीय पुरुष संक्रमित पाए गए।

## युवक की मौत

गुरुवार को कोरोना से गांधी कॉलोनी निवासी 46 वर्षीय युवक की मौत हो गई है, अप्रेल माह में ही युवक की मां की भी मौत कोरोना से हुई थी, तब से युवक भी रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती था। गुरुवार को उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है।

# चौराहों पर नगर निगम ने दिया कोरोना से बचाव का संदेश

प्रशासन न्यूज • रतलाम

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कोविड-19 महामारी के समय में सभी को गाईड लाईन का पालन करना चाहिए। यह समय विशेष सावधानी बरतने का है। ऐसे में मास्क, दो गज की दूरी और सैनेटाईजेशन का विशेष महत्व है। जिला व नगर निगम प्रशासन जनता को जागरुक करने के विशेष प्रयास सतत जारी रखे हुए है। जनता को इस अभियान में सहयोग देकर अपने और अपने परिवार को कोरोना से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरतना होगी। कलेक्टर व निगम प्रशासक गोपालचंद डाड और निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में अब ना कोई बहाना-मास्क है लगाना अभियान के तहत बुधवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर सफाई मित्र समूह ने रांगोली के माध्यम से लोगों से कोरोना से बचाव का संदेश दिया है।

इस मौके पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि अगर किसी को खांसी और जुकाम है तो मास्क अवश्य पहनें, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क अवश्य पहनें। कोरोना वायरस के संदिग्ध मरीज की देखभाल कर रहे हैं तो मास्क लगाएं। मास्क पहनने से पहले हाथ अच्छी तरह साफ करें। मुंह और नाक को मास्क से पूरी तरह से ढंकें। मास्क पहनते समय मुंह और नाक के पास कोई गैप ना रखें। मास्क पहनने के बाद इसे हाथों से ना छूएं। यदि मास्क छू लिया है तो हाथों को तुरंत साफ करें, एक मास्क इस्तेमाल करने के बाद दोबारा इस्तेमाल ना करें। मास्क को बार-बार छूने से बचें, यदि आप स्वस्थ हों तो मास्क पहनने से बचें, मास्क को अपने गले पर ना लटकाएं। अगर मास्क गीला हो जाए तो उसे 6 घंटे के अंदर बदल दें, जैसे मास्क पहनने का सही तरीका है, वैसे ही उतारने का भी। मास्क को कभी भी बाहर की तरफ से हाथ ना लगाएं। मास्क को पीछे से उतारें और डस्टबीन में डाल दें, मास्क उतारने के बाद हाथ सैनिटाइज करें।

**बचाव का बेहतर तरीका है मास्क-** कोरोना वायरस संक्रमण से जंग जीत ली है तो इस लाइलाज बीमारी से सुरक्षित रहने का एकमात्र उपाय है कि हम एक दूसरे से शरीर दूरी बना कर रहें और मास्क अनिवार्य रूप से पहने। मास्क वर्तमान में कोरोना से बचाने में वैक्सीन जैसी भूमिका निभा रहा है। मास्क की उपयोगिता जानने के बावजूद लोग लापरवाही कर रहे हैं जबकि सजगता ही इस महामारी से सुरक्षित रख सकती है। ७५।।१०।